तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय रंगापहाड़
डिमापुर नागालैंड

दर्पण

विद्यालय पत्रिका
2020-21

केंद्रीय विद्यालय संगठन

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

BINOD KUMAR BEHRA
DEPUTY COMMISSIONER (I/C)
Kendriya Vidyalaya Sangathan
Regional Office Tinsukia

MESSAGE

I am extremely delighted to see Kendriya Vidyalaya Rangapahar bringing out the second edition of its its school magazine "DARPAN" of this session. I am sure that this magazine will delve into the children's world and give the leaders a glance of the artistic thoughts, fancy skills and wonderful mind of these budding writers.

Despite trying times and plethora of challenges, troubles, obstacles and other odds, the modern technological advancement of the current era provides magnificent means to hone the creativity and imagination of our young generation and publication of this magazine is a brilliant example of winning spirit of all our stakeholders.

It is a wonderful sensation to see the school fulfilling its commitments of inspiring and motivating its budding writers and poets to showcase their power of expression while drifting across the horizons of vision and imagination. The magazines also demonstrates the degree of devotion of our dedicated, committed and enthusiastic teachers and effective guidance by Principal to achieve academic excellence and holistic development of our students, for which I extend my heartfelt gratitude.

This magazine is the culmination of the point efforts of a number of students, teachers, staff and the members of the editorial board which is really praiseworthy. I hope that this magazine will certainly prove to be a beacon of light for the posterity.

With best wishes.

BINOD KUMAR BEHRA
DEPUTY COMMISSIONER (I/C)
Kendriya Vidyalaya Sangathan
Regional Office Tinsukia

(ब्रिगेडियर डी. सी. एस. कन्याल , सेना मैडल)
अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
के. वि. रंगापहाड़ , नागालैंड

संदेश

"सपने वे नहीं जो सोने पर आते है " सपने वे होते हैं जो सोने नहीं देते ,

- ए पी जे अब्दुल कलाम

केंद्रीय विद्यालय रंगा पहाड़ छावनी ई पत्रिका दर्पण 2020-21 का प्रकाशन करने जा रहा है जिसका मुझे अपार हर्ष हो रहा है | सभी लोगों के लिए अपनी अभिव्यक्तियों को साबित करने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी |

जहाँ तक मेरा मानना है किपत्रिका के माध्यम से बच्चों को अपनी लेखन क्षमता को विकसित करने का मौका मिलता है और वे अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का अनोखा प्रदर्शन करते हैं | इस ईपत्रिका के माध्यम से बच्चों ने अपने ज्ञान कौशलों को विकसित करने का कार्य किया है |

पत्रिका विद्यालय का दर्पण होती है मैं | केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, मुख्य संपादक एवं उनकी समिति , शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूँ और विश्वास करता हूँ कि आगामी सत्र में भी इसी तरह से पाठ्य सहगामी क्रियाओं को बढ़ावा देते रहेंगे और इस दर्पण के माध्यम से लोगों के विचारों को समाज में प्रतिबिंबित करेंगे जिससे लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा और देशहित की गतिशीलता बनी रहेगी
हमारी शुभकामनाएं सदैव आप सभी के साथ हैं |

(ब्रिगेडियर डी. सी. एस. कन्याल , सेना मैडल)
अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
के. वि. रंगापहाड़ , नागालैंड

प्राचार्य की कलम से .....

मातेव रक्षति पितेव हिते नियुक्ते कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम् ।

लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या ॥

(विद्या माता की तरह रक्षण करती है, पिता की तरह हित करती है, पत्नी की तरह थकान दूर करके मन को रिझाती है, शोभा प्राप्त कराती है, और चारों दिशाओं में कीर्ति फैलाती है । सचमुच, कल्पवृक्ष की तरह यह विद्या क्या क्या सिद्ध नहीं करती।)

केंद्रीय विद्यालय रंगापहाड़ के ई –पत्रिका 2020-21 के तृतीय वर्ष के प्रकाशन के शुभ अवसर पर मैं अतीव प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ | छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने और उसमें निखार लाने का सबसे प्रभावशाली माध्यम विद्यालय की पत्रिका ही है | 'दर्पण' पत्रिका में विद्यार्थियों को अपनी मौलिकता को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त होता है |

यह पत्रिका बच्चों की प्रखर एवं प्रतिभाशाली लेखन कौशलों को प्रदर्शित करने का सर्वोत्तम साधन है | हम अपने बच्चों को इस तरह से सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं कि वे एक सार्थक और मूल्य आधारित समाज के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करें और आधुनिकता के इस परिवेश में अपने को समायोजित कर सकें तथा लेखन के क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि करते हुए अपना ,समाज एवं देश का नाम ऊँचा कर सके ऐसी मेरी शुभ कमाना है |

'दर्पण' ई - पत्रिका 2020-21के तृतीय अंक के ई- प्रकाशन के शुभ अवसर पर मैं उन सभी अभिभावकों, छात्रों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष , नामित अध्यक्ष तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त ,उपयुक्त एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जिन्होंने पत्रिका के लिए अपनी रचनाएँ, सन्देश एवं चित्र प्रकाशनार्थ दिए हैं एवं उन्हें प्रोत्साहित किया है उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं दर्पण पत्रिका के मुख्य सम्पादक एवं संपादक मण्डल को हार्दिक बधाई देता हूँ। दर्पण की इस ई - पत्रिका के प्रयास से विद्यार्थियों की रचनात्मकता उभर कर सामने आ सकेगी एवं वे उन्नंती के पथ पर अग्रसर हो सकेगें |

मनोज कुमार तिवारी
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय रंगापहाड़ छावनी

मुख्य संपादक की कलम से .....

" एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ |"

- स्वामी विवेकानंद

आप सभी पाठकों के सम्मुख केंद्रीय विद्यालय रंगा पहाड़ की इस 'दर्पण " की ई -पत्रिका 2020 -21 के तृतीय संस्करण को प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है | यह ई -पत्रिका विद्यार्थियों की विभिन्न क्षमताओं एवं सृजनात्मकता को कविता, कहानी,लेख तथा पेंटिंग के माध्यम से प्रस्तुत करने का एक सर्वोत्तम मंच है |

मैं उन सभी रचनाकारों को बधाई देता हूँ जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में छपने के लिए खरी उतरी हैं | जिनकी रचनाएं इस संस्करण में स्थान ना पा सकी उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है उन्हें अच्छे मन, वचन और कर्म से आगामी संस्करण के लिए प्रयास करना चाहिए. क्योंकि डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम ने कहा है -

" मुझे पूरा यकीन है कि जब तक किसी ने नाकामयाबी की कड़वी गोली ना चखी हो वो कामयाबी के लिए पर्याप्त महत्वाकांक्षा नहीं रख सकता. " इसलिए आप सभी लोग अपना कर्म करने का प्रयास जारी रखें |

मैं विद्यालय के सम्मानित प्राचार्य श्री मनोज कुमार तिवारी जी का बहुत आभारी हूँ जिन्होंने मुझे इस दर्पण ई-पत्रिका के मुख्य संपादक का कार्यभार प्रदान कर गौरवान्वित किया. मैंने इसके संपादन की सुचिता को बनाए रखने की पूर्ण कोशिश की |

अंत में मैं केंद्रीय विद्यालय संगठन, एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के उच्च अधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने अपने- अपने संदेश के माध्यम से इस विद्यालय एवं पत्रिका की गरिमा को बढ़ाया है. मैं इस पत्रिका में अपने योगदान प्रदान करने वाले विद्यार्थियों,शिक्षकों,विभागाध्यक्षो, तकनीकी सहयोगीयों तथा प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वालों का शुक्रिया अदा करता हूँ |

मैं आशा करता हूं कि हमारे विद्यालय की एक झलक प्रस्तुत करने में शिक्षकों, विद्यार्थियों का यह अनोखा प्रयास आप सभी को पसंद आएगा इसी आशा के साथ आपका..

(सत्य नारायण गुप्त)
मुख्य संपादक एवं
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)

EDITORIAL BOARD

MENTORS :

MR. MANOJ KUMAR TEWARI (PRINCIPLE), *(Right side}* MRS. SABRA KHAN PGT(COMPUTER SCIENCE), MRS. SHYAMALI BOKALIAL PGT(ENGLISH), MR. KISHAN LAL SARSWAT TGT (SANSKRIT), *(Right side}* MR. SATYA NARAYAN GUIPTA PGT (HINDI), MR. SURESHA P LIBRARIAN,MR. SANDEEP SINGH TGT (AE).

MEMBERS :

MASTER ABHISHEK CLASS VIII, MISS MUSKAN KUMARI, CLASS VII MISS SANDHYA GURUNG XI B, MISS PINKI KUMARI XI A, AMARJEET CHHETRI, XIIB , MISS NEELASHRI CHOKROBORTY VIII, MASTER DIPANKAR DAS VIII.

K.V. RANGAPAHAR FAMILY

FRONT ROW FROM CENTRE :

MR. MANOJ KUMAR TEWARI (PRINCIPLE), *{left side}* MR. VIMAL KUMAR PGT (GEOGRAPHY), MRS ANJU LAMBA PGT (MATHS), MRS. RITA YADAV PGT (BIOLOGY), MS. PINKI GURJAR PGT(ECONOMICS), MR. RAMESH CHAND RAIGAR (PRT), *(Right side}* MRS. SABRA KHAN PGT(COMPUTER SCIENCE), MRS. SHYAMALI BOKALIAL PGT(ENGLISH), MR. SATYA NARAYAN GUIPTA PGT (HINDI), MR. JITENDRA KUMAR SAINI PGT(CHEMISTRY), MR. KISHAN LAL SARSWAT TGT (SANSKRIT).

BACK ROW FROM LEFT :

MR. NARENDRA SINGH PGT(HISTORY), MS. VERMA RINI CHARNESHKUMAR PGT(PHYSICS),MRS. NEELAM KUMARI PRT MS. NEHA BAJAJ PRT, MRS. MEGHA R. WANKHADE PRT, MS.NIDHI SHARMA TGT(MATHS), MRS. SWAPNIL GUPTA PRT(MUSIC), MS. PINKY KUMARI TGT (P&HE), MR. SUMAN BISWAS TGT (ENGLISH), MR. SANDEEP SINGH TGT (AE), MR. SURESHA P LIBRARIAN, MR. BADRI BAHADUR KARKI LAB. ATTENDANT, MR. RAJENDRA PRASAD LAB. ATTENDANT, SH. LUMMAI RONGMAI SUB STAFF.

TOPPER'S BORRD

AISSCE 2021- XII SCIENCE

A RAMESH KUMARAN 92.8%

RINKY KUMARI 92.2%

RISHAV DOBRIYAL 91.6%

AISSCE 2021- XII HUMANITIES

SANDHYA GURUNG 92%

AMARJEET CHETRI 91.4%

KIRONMOYE DUTTA 91.4%

AISSE 2021 -X

BIKAS KUMAR 95%

S KASINATHAN 94%

WASIM ALAM 92%

RESULT ANALYSIS AT A GLANCE CLASS X & XII

Board Examination 2020-21:

Class XII(Science)

No. of students Appeared	No. of students passed	Pass% 2021	Pass% 2020	PI	
				2021	2020
23	23	100	100	62.72	61.04

Class XII(Arts)

No. of students Appeared	No. of students passed	Pass% 2021	Pass% 2020	PI	
				2021	2020
31	31	100	100	62.10	61.88

Class X

No. of students Appeared	No. of students passed	Pass% 2021	Pass% 2020	PI	
				2021	2020
45	45	100	100	**66**	71.47

Subject wise Analysis

Class:XII

Subject	Appeared	Pass%	A1	A2	B1	B2	C1	C2	D1	D2	PI	Rank under KVS RO Tinsukia
Phy	23	100	2	0	7	0	2	2	9	1	49.46	
Chem	23	100	9	5	3	0	4	2	0	0	79.89	2nd Rank
Maths	21	100	0	2	3	2	1	8	5	0	47.62	
CS	16	100	0	1	2	3	1	7	2	0	49.22	
Eng	53	100	2	10	6	8	23	0	3	1	61.56	
Hin	21	100	6	2	8	0	5	0	0	0	77.38	2nd Rank
Bio	06	100	0	2	0	3	1	0	0	0	68.75	4th Rank
Geo	31	100	10	8	8	2	0	3	0	0	81.85	4th Rank
His	31	100	6	12	4	6	3	0	0	0	79.84	5th Rank
Eco	31	100	0	1	2	1	2	5	18	2	34.27	
IP	13	100	0	2	0	1	7	3	0	0	53.85	

Class:X

Subject	Appeared	Pass%	A1	A2	B1	B2	C1	C2	D1	D2	PI	Rank under KVS RO Tinsukia
Hin	45	100	22	0	5	1	10	4	0	3	73.89	1st Rank
Eng	45	100	2	12	9	5	5	3	9	0	62.78	
Maths Stnd.	11	100	2	3	3	3	0	0	0	0	79.55	
Maths Basic	34	100	0	0	1	6	15	12	0	0	48.53	
Sc.	45	100	5	7	8	2	2	13	8	0	58.33	
S.St.	45	100	19	5	5	7	6	2	1	0	78.89	2nd Rank

SESSION ENDING EXAM OVERALL RESULTS 2020-2021

SL. NO.	CLASS	TOTAL ENROLLED	TOTAL APPEARED IN ALL SUBJECTS	TOTAL PASSED IN ALL SUBJECTS	PASS %
1	V	42	40	40	100
	IV	32	32	32	100
	III	33	32	32	100

CLASS: III

SUBJECT	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %	NO. OF STUDENTS SCORING GRADES								
				E	D	C2	C1	B2	B1	A2	A1	TOTAL
ENGLISH	32	32	100	0	0	0	0	1	3	13	15	32
HINDI	32	32	100	0	0	0	0	2	6	11	13	32
MATHEMATICS	32	31	96.9	1	0	0	1	1	7	9	13	32
EVS	32	31	96.9	1	0	0	2	5	4	13	7	32

CLASS: IV

SUBJECT	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %	NO. OF STUDENTS SCORING GRADES								
				E	D	C2	C1	B2	B1	A2	A1	TOTAL
ENGLISH	32	32	100	0	0	0	0	0	7	11	14	32
HINDI	32	32	100	0	0	0	0	3	4	8	17	32
MATHEMATICS	32	32	100	0	0	3	3	3	4	8	11	32
EVS	32	32	100	0	0	0	0	1	3	22	6	32

CLASS: V

SUBJECT	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %	NO. OF STUDENTS SCORING GRADES								
				E	D	C2	C1	B2	B1	A2	A1	TOTAL
ENGLISH	40	40	100	0	0	0	0	2	7	8	23	40
HINDI	40	40	100	0	0	0	0	2	9	8	21	40
MATHEMATICS	40	40	100	0	0	0	0	4	8	14	14	40
EVS	40	40	100	0	0	0	0	2	8	7	23	40

SESSION ENDING EXAM OVERALL RESULTS 2020-2021

SL. NO.	CLASS	TOTAL ENROLLED	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %
1	VIII	39	39	38	97.4
	VII	44	44	43	97.7
	VI	42	42	40	95.2

CLASS: III

SUBJECT	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %	NO. OF STUDENTS SCORING GRADES								
				E	D	C2	C1	B2	B1	A2	A1	TOTAL
ENGLISH	42	41	97.6	1	4	4	7	14	8	4	0	42
HINDI	42	40	95.2	2	0	13	5	16	2	3	1	42
MATHEMATICS	42	40	95.2	2	2	4	9	13	7	4	1	42
SCIENCE	42	40	95.2	2	0	0	2	5	13	18	2	42
SOCIAL SCIENCE	42	41	97.6	1	3	1	15	15	5	2	0	42
SANSKRIT	42	40	95.2	2	1	10	8	8	9	1	3	42

CLASS: IV

SUBJECT	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %	NO. OF STUDENTS SCORING GRADES								
				E	D	C2	C1	B2	B1	A2	A1	TOTAL
ENGLISH	44	43	97.7	1	2	8	6	4	10	10	3	44
HINDI	44	37	84.1	7	2	8	1	5	7	10	4	44
MATHEMATICS	44	42	95.5	2	1	6	7	10	3	11	4	44
SCIENCE	44	41	93.2	3	2	7	4	7	9	7	5	44
SOCIAL SCIENCE	44	44	100	0	0	2	6	15	10	2	9	44
SANSKRIT	44	39	88.6	5	3	6	5	4	7	8	6	44

CLASS: V

SUBJECT	TOTAL APPEARED	TOTAL PASSED	PASS %	NO. OF STUDENTS SCORING GRADES								
				E	D	C2	C1	B2	B1	A2	A1	TOTAL
ENGLISH	39	36	92.3	3	3	2	7	6	11	4	3	39
HINDI	39	37	94.9	2	1	7	6	12	5	4	2	39
MATHEMATICS	39	38	97.4	1	3	5	8	10	8	3	1	39
SCIENCE	39	36	92.3	3	1	4	2	11	9	6	3	39
SOCIAL SCIENCE	39	37	94.9	2	0	4	2	6	12	10	3	39
SANSKRIT	39	36	92.3	3	5	1	1	5	10	10	4	39

VMC MEETING

OPPO A53 · By sandeep

OPPO A53 · By sandeep

OPPO A53 · By sandeep

OPPO A53 · By sandeep

WELCOME
TO
OPPO A53 · By sandeep

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

राष्ट्रीय खेल दिवस



INTERNATIONAL DAY OF PEACE

PARENTS TEACHERS MEETING

Independence Day 2020

Republic Day 2020

CMP MEETING

NATIONAL SCIENCE DAY

CMP Meeting

FIT INDIA Movement



ACADEMIC SUPERVISION







SURPRISE SUPERVISION

WOMEN'S DAY

Morning Assembly



EK BHARAT SHRESHTH BHARAT







हिंदी विभाग

बेटी

जब-जब जन्म लेती है बेटी ,

खुशियाँ साथ लाती है बेटी।

ईश्वर की सौग़ात ही बेटी ,

सुबह की पहली किरण है बेटी।

तारों की शीतल छाया है बेटी,

आँगन की चिड़िया है बेटी।

त्याग और समपण सिखाती है बेटी,

नये नये रिश्ते बनाती हैं बेटी।

बेटी की कीमत उनसे पूछो,

जिनके पास नहीं हैं बेटी।

नाम:- सजींव सिंह सलारिया

माता पिता

माता पिता का करो सम्मान

वह है हमारे भगवान

यही हमें पढ़ाते हैं

यही हमें सिखाते हैं

हमारे पहले गुरु माता पिता ही होते हैं

हमारे पहले भगवान माता पिता ही होते हैं

माता-पिता अपना सब कुछ हमें देते हैं

और बदले में थोड़ा सा प्यार लेते हैं

नाम : महिमा किरौला

कक्षा : 10

शिक्षक

जीवन में जो राह दिखाए,
सही तरह चलना सिखाये।
मात- पिता से पहले आता,
जीवन में सदा आदर पाता।

सबको मान प्रतिष्ठा जिससे,
सीखी कर्तव्यनिष्ठा जिससे।
कभी रहा न दूर में जिससे,
वह मेरा पथदर्शक है जो।
मेरे मन को भाता,
वह मेरा शिक्षक कहलाता।

कभी है शांत कभी है धीर,
स्वभाव में सदा गंभीर,
मन में दबी रही ये इच्छा,
काश में उस जेसा बन पाता,
जो मेरा शिक्षक कहलाता।

छवि शर्मा
कक्षा 'X'

स्कूल की पत्रिका

आ गई है स्कूल की पत्रिका
छा गई है स्कूल की पत्रिका
बच्चों के दिल में समा गई पत्रिका
हर जगह वह तो छा गई पत्रिका

मेरा नाम आया है
स्कूल की मैगज़ीन में छाया है
दिल में खुशियाँ लाया है
दोस्तों को भाया है

मेरे लेखन का सुधार होता
जी वन का सुधार होता
आ गई है स्कूल की पत्रिका
छा गई है स्कूल की पत्रिका

नाम - अंजली कुमारी
कक्षा - दसवीं

साहस की जिंदगी

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिदंगी होती है ऐसी जिदंगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे मे क्या सोच रहे हैं जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश उसी आदमी से मिलता है अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना यह साधारण जीव का काम है क्रांति करने वाले लोग अपने उदेश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनते हैं

मुस्कान कुमारी

कक्षा :दसवीं, 10

बुद्धिमान बूढ़ा आदमी।

यह गर्मी का दिन था जब एक बूढ़ा आदमी बगीचे मे टहल रहा था। वह बहुत भूखा था। अचानक टहलते- टहलते उसे एक बड़ा आम का पेड़ दिखाई दिया।परंतु आम का पेड़ बहुत उँचाई पर था।वह बूढ़ा आदमी निराश हो गया।जब वह निराश होकर बगीचे से लौट रहा था तो उसने आम के पेड़ पर एक बंदर देखा। उसने एक उपाय सोचा।बूढ़े आदमी ने जमीन से पत्थर इकट्ठा किये और एक-एक करके पत्थर बंदर की ओर फेंकने लगा।बंदर का स्वभाव नकल करना होता है।वह बंदर भी पेड़ से आम तोड़कर बूढ़े आदमी की ओर फेंकने लगा। कुच समय बाद जमीन पर बहुत सारे आम इकट्ठे हो गए। उस बूढ़े आदमी ने जमीन पर गिरे हुए सारे आम एक टोकरी मे इकट्ठे किया और खुशी-खुशी आम खाया। बुद्धिमत्ता से हर कठिनाई को सुलझाया जा सकता है।

नाम :मधु

कक्षा: 10



ईमानदारी का इनाम

एक गांव में रामलाल नाम का एक व्यक्ति रहता था। वह घर को रंगने का काम करता था। वह अपना काम बड़ी ईमानदारी और मेहनत से करता था। मेहनत करने के बाद भी बहुत कम कमा पाता था।

जिससे की उसकी केवल दो समय की रोटी का जुगाड़ ही होता था। वह ज्यादा काम करना चाहता था। एक दिन गांव के जमींदार ने रामलाल को बुलाया। रामलाल जमींदार के पास गया।

जमींदार ने कहा की मेरे पास एक नांव है तुमको उस पर रंग करना है और उसको रंग आज के दिन ही करना है। रामलाल ने जमींदार को बोला की वह रंग कर देगा। जमींदार ने रामलाल से रंग करने का रेट पूछा तो रामलाल ने बोला की वह रंग करने का 1500 रूपए लेगा।

इसके बाद जमींदार ने रामलाल को नदी के किनारे खड़ी नाव दिखा दी। रामलाल अपने घर से रंग लाकर बड़ी सफाई के साथ उसमे रंग करने लगा। वह जब रंग कर रहा था तो उसको नाव में एक छेद नज़र आया।

उसने सोचा यदि मै इसके ऊपर केवल रंग कर दूंगा तो यह नाव डूब जाएगी। इसलिए पहले उसने उस छेद को भरा फिर उस पर रंग किया। नाव के रंग का काम पूरा होने पर वह जमींदार को नाव दिखाने लाया।

जमींदार ने नाव को देखने के बाद पैसे अगले दिन देने की बात की। जिसके बाद रामलाल चला गया। अगले दिन जमींदारके बीवी बच्चे उस नाव में बैठकर नदी के पार घूमने के लिए चले गए।

शाम को जब जमींदार का नौकर लौटा तो उसने घर के बाकी सदस्यों को घर में न देखकर जमींदार से पूछा तो जमींदार ने बताया की वह नाव में बैठकर नदी के पार घूमने गए है। नौकर ने जमींदार को बताया की उस नाव में तो छेद था।

जमींदार इस बात से बहुत परेशान हो गया। इसके कुछ देर के बाद ही जमींदार की बीवी और बच्चे घर सकुशल लौट आये। उनको पता चल चूका था की रामलाल ने नाव में रंग करते समय उस छेद को भर दिया।

इसके बाद जब रामलाल अपने पैसे लेने आया तो जमींदार ने उसको पैसे दिए। रामलाल ने गिने तो उसमे 6000 रूपए थे। रामलाल ने कहा आपने गलती से मुझे ज़्यादा रूपए दे दिए है।

रामलाल ने कहा की नहीं यह तुम्हारे काम का इनाम है जो तुमने किया है। तुमने नाव में रंग करते समय जो छेद भरा था। उसकी वजह से मेरे परिवार की जान बच गयी। रामलाल पैसे लेकर घर चला गया। वह बहुत खुश था।

सीख : ईमानदारी और मेहनत से काम करने का नतीजा हमेशा अच्छा ही होता है।

नाम:खुशी नोमोसुद्रो

कक्षा:दस

रीसाइक्लिंग की जरुरत

रीसाइक्लिंग अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना समाज को बहुत अधिक उपयोगी उत्पाद प्रदान करने के अलावा पर्यावरण का बचाव करने में मदद करता है। इसके महत्व को कई मायनों में देखा जा सकता है। जनता को इसके महत्व के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है ताकि वे पूरे दिल से इसके प्रति अपना योगदान दें।

नीचे दिए कारणों में रीसाइक्लिंग सहायक हो सकती है:

रीसाइक्लिंग पृथ्वी को बचाता है - एक उत्पाद का पुनर्नवीनीकरण पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए कागज को रीसाइक्लिंग करने के कारण अधिक पेड़ों को काटे बिना पेपर उत्पादन का परिणाम हो सकता है।

पुनर्चक्रण ऊर्जा बचाता है - सामग्री से एक नया उत्पाद बनाने की अपेक्षा उसी उत्पाद को रीसाइक्लिंग करने से कम ऊर्जा खर्च होती है। उदाहरण के लिए नए एल्यूमीनियम उत्पाद को बनाने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा खर्च होती है। इस प्रकार एक पुराने एल्यूमीनियम को फिर से रीसाइक्लिंग करके हम धातु का पुन: उपयोग कर सकते हैं और बड़ी ऊर्जा खर्च होने से बच सकते हैं जो पर्यावरण की सुरक्षा में मदद करती है।

रीसाइक्लिंग ग्लोबल वार्मिंग को कम करने और प्रदूषण को कम करने में मदद करता है - रीसाइक्लिंग के मुख्य लाभों में से एक ऊर्जा बचत है। कार्बन या ग्रीनहाउस गैसों, जो वातावरण के लिए बहुत हानिकारक है यदि वे उत्सर्जित हो जाती हैं, के कम उत्सर्जन में ऊर्जा की बचत के परिणाम देखने को मिलते हैं जो कि ऊर्जा उत्पादन द्वारा गठित उप-उत्पाद है।

लैंडफिल में रीसाइक्लिंग अपशिष्ट उत्पाद को कम कर देता है - अपशिष्ट जिसे पुनर्नवीनीकरण नहीं किया जा सकता वह आम तौर पर लैंडफिल में डाला जाता है। यहाँ कचरे को क्षय, सड़ांध या विघटित होने के लिए छोड़ दिया जाता है और यह पूरी तरह से विघटित करने के लिए कई साल ले सकता है। अधिक से अधिक कचरे को लैंडफिल में भेजा जा रहा है और यदि भविष्य में लैंडफिल भेजने की बजाए रीसाइक्लिंग नहीं की गई तो लैंडफिल की जगह हमारे घरों के ठीक पीछे हो सकती है।

रीसाइक्लिंग पैसे बचाने में मदद करता है - पुनर्नवीनीकरण वस्तुओं पर आमतौर पर कम लागत लगती है। पुरानी सामग्री और बहुत कम ऊर्जा का उपयोग करके पुनर्नवीनीकरण उत्पाद को बहुत कम राशि पर बेचा जा सकता है। इसके अलावा रीसाइक्लिंग के लिए बेकार कचरे को बेचना फ़ायदे का सौदा है।

नाम-बी कुमुदा सौजन्या

कक्षा- XII- अ

"संघर्ष बिना ना जीत है "

मन के हारे हार है,

मन के जीते जीत है

कष्ट भरे इस जीवन पथ में,

संघर्ष बिना ना जीत है...

गर थके हो, तब भी उठो,चलो,

टूटे हो तब भी सहेजों खुद को,

बिखरे हो तब भी समेटो खुद को,

हृदय में साहस है तो,

कष्ट की ऊष्मा में भी शीत है...

मन में टूटे हुए सपनों की

चुभन होगी,

तभी तो उन्हें पूरा करने की

लगन होगी,

जब तक हैं सांसे बाकी

देह में है प्राण,

तब तक हारिए ना हिम्मत

बिसारिए ना राम,

जग की यही तो रीत है...

है कहा सच ही किसी ने,

जीवन का सार यही,

दौड़ो, दौड़ नहीं सकते तो चलो,

चल नहीं सकते तो रेंगो

मगर गतिमान रहो,

ठहरो नहीं क्योंकि,

गतिशीलता ही नवगीत है...

संघर्ष बिना ना जीत है....

शिखर कक्षा IX

मेरी माँ।

तेरे आँचल में जाऊँ तो मिल जाए सारा जहाँ मुझे मुझमे ही तेरे प्रण बसे और मुझमे ही तेरी सारी खुशियाँ तू जो साथ हो तो हल हो जाए सारी कठिनाइयाँ तू जब सर पर हाथ रखे तो समझू हुआ सवेरा ।

नाम- कोमल

कक्षा - 10

माँ

माँ होती ममता की सूरत ,

माँ होती है भगवान की मूरत।

इनके चरणों में चारो धाम ,

आओ माँ को करे प्रणाम।

माँ से लगता सब जग प्यारा ,

माँ से बढ़कर कौन सहारा ?

माँ ही है जीवन की धारा

माँ से बढ़कर कौन सहारा।

करण सिंह

कक्षा 10

अनुक्रमांक 9

कोशिश कर हल निकलेगा

आज नहीं तो कल निकलेगा

अर्जुन के तीर सा सुधा

मरुस्थल से भी जल निकलेगा

मेहनत कर पौधों को पानी दे

बंजर जमीन से भी जल निकलेगा

ताकत जुटा हिम्मत को आग दे

फौलाद का भी बल निकलेगा

जिन्दा रख दिल में उम्मीदों को

गरल के समन्दर से भी गंगाजल निकलेगा

कोशिश जारी रख कुछ कर गुजरने की

जो है आज थमा थमा सा चल निकलेगा

नाम - सुरूचि कुमारी

कक्षा - 10



परिश्रम

मुड़ जाती हैं हाथों की लकीरें अगर हिम्मत हैं तूफानों से लड़ने की ।
होते होते पीछे ही हो जाते हैं बात जो हमेशा करते किस्मत की॥

किस्मत में ही लिखा हो ऐसा, अगर हासिल होगा कुछ करते रहने से ।

पूरे होंगे सारे सपने एक दिन, मगर वो दिन नही आता बैठे रहने से ॥

नाम :- सात्विक मिश्रा

कक्ष: :- दसवी अ

मन कहीं नहीं भटका है

ऊपर एक बादल अटका है

जो तुझ को छू कर आया है

मेरे मन के आँगन में बरसा है

चाँद कहीं नहीं भटका है

दिल के आसमाँ में लटका है

तेरे मन को छू कर आया है

मेरे तन के आँगन में चमका है

नाम- बी. गणेश

कक्षा- नवी

कोरोना महामारी, बनी सुअवसर|

सन् उन्नीस, दिसंबर में कोरोना ने पाँव पसारे | अर्थव्यवस्था शिक्षा खेल सबको किया किनारे||
जीना दूभर हुआ सभी का पड़ गए अन्न के लाले | घर के अंदर सिमट गए सब चुभने लगे डरावने भाले||
संपूर्ण विश्व को लिया चपेट में इसने कहर बरपाया | उठने लगी अनगिनत अस्थियाँ कुछ समझ न कोई पाया||
रिश्ते-नाते टूट गए सब, सब के सब कुछ छूट गए जब | सोच में डूबा विश्व तब, बचना है इससे सबको अब||
बनी चुनौती यह जीवन की ,बचने का उपाय निकाला | दवा, योग ,वैज्ञानिकता ने इसे सुअवसर में परिवर्तित कर डाला ||
बार-बार घर द्वार आदि को इसने सैनिटाइज करवाई | ना सटो एक दूसरे से अब, सामाजिक दूरी बनवाई||
साबुन और स्वच्छता का उपयोग इसने बतलाया| दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने का पाठ सिखलाया||
नियमित योग और साधना की आदत इसने डलवाई | विना विद्यालय गए सभी से पढ़ाई ऑनलाइन करवाई||
घर में रहकर कार्यालय के कार्य सभी ने करना सीखा | जीवन की इस कठिन घड़ी में सब की थी यह अग्नि परीक्षा||
सहयोग और सहानुभूति सबके मन में,मानवता जागी | सीमित संसाधन में जीना सीखा ,भोग विलास की वस्तु को त्यागी||
हुआ संपूर्ण विश्व उदार, मिलकर रहना बतालाया | बिना मिले, दूर रहकर भी कार्य करना सिखलाया||
नई तकनीकी, नए कौशलों का हुआ सभी में विकास | स्व अध्ययन ,गृह कार्य पद्धति का फैला चहुँ ओर प्रबल प्रकाश ||
लौटे सभी प्राचीन पद्धति पर, जड़ी-बूटी अपनाई | बना किचन में काढ़ा प्रतिदिन ,सब ने खूब पिलाई||
हाथ मिलाना छोड़ सभी ने 'नमस्ते' अपनाया| भारतीय संस्कृति का अनोखापन पूरे विश्व को भाया||
नए यंत्र ,नवनूतन सृजन ,गांव-गांव में फैलाया| प्रदूषण और विषाणु से बचने को सबने " मास्क" लगाया||
लाक डाउन लगने पर सब ने, कुछ नूतन करने की ठानी | जगी लालसा अद्भुत,अनोखेपन की, नहीं किया मनमानी||
जीवन के इस विकट समय में, आत्मनिर्भर बनवाया| अपने कार्य कौशलों से, कोरोना योद्धा ने लोहा मनवाया||
नई दवा और नई खोज का हुआ विश्व में आगाज| इस तरह कोरोना की चुनौती बन गई सुअवसर आज||

सत्य नारायण गुप्ता) स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी

नैतिकता की बातें

1. सुबह उठकर माता-पिता के पैर छूना चाहिए I
2. दैनिक क्रियाओं से निवृत होना चाहिए I
3. प्रतिदिन ब्रश, स्नान और ध्यान करना चाहिए I
4. हमें समय पर नाश्ता करना चाहिए I
5. अपने से बड़ो की आज्ञा का पालन करना चाहिए I
6. विद्यालय समय पर जाना चाहिए I
7. प्रतिदिन व्यायाम और प्राणायाम करना चाहिए I
8. सभी से भाईचारे का नाता रखे I
9. हमें सभी का सम्मान करना चाहिए I
10. हमें अनुशासन का पालन करना चाहिए I
11. अपना कार्य समय पर पूरा करना चाहिए I
12. हमें अपने देश का सम्मान करना चाहिए I

रमेश चंद रैगर
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय रंगापहाड़

कोरोना के कारण जीवन में आए परिवर्तन

इस कोरोना काल ने हमे कई तरह के सवालों और विचारों से रूबरू करवाया या ये कहे ये मानव जाति की आंखे खोलने को ही आया था। इस कठिन समय में हमने इंसानों के कई रूप देखे कुछ में मानवता की हद देखने को मिली कही ये भी देखने को मिला की अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए लोग किस हद तक इंसानियत भूल सकते है। अमीर हो या गरीब सब को एक जगह ला कर खड़ा कर दिया।इंसानों ने सबक सीखा की पैसा जिंदगी से ज्यादा अनमोल नही है एक छोटे से वायरस ने ऐसा विकराल रूप दिखाया की न सिर्फ भारत में अपितु सम्पूर्ण मानव समाज को कैद कर के रख दिया जिस भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगो को बैठने की चैन से सांस लेने की फुरसत नंही थी वहां लोग महीनो घर में कैद होने को मजबूर होना पड़ा। यही वो वक्त था जब लोगो को समझ आया की भागदौड़ में उन्होंने जिंदगी को कितना पीछे छोड़ दिया था। लोगो ने समझा की परिवार और रिश्ते पैसों से कहीं ज्यादा अहम है।माना कि कई लोगो ने इस महामारी के दौर में अपने अपनो को खोया है पर एक बहुत बड़ी संख्या में रिश्तों ने नया जन्म भी पाया है । जिस तरह लोगो ने इस कठिन समय में परस्पर सहयोग दिखाया है ये साबित करता है की लोगो में आज भी इंसानियत जिंदा है तभी तो इतना कठिन दौर हम पार कर पा रहे है। लाखों की नौकरियां चली गई गरीब वर्ग सड़को पर आ गया पर ऐसे समय में कुछ लोग फरिश्तों की तरह उनके जीवन में आए ऐसा ही बहुत बड़ा नाम हम जानते है सोनू सूद के रूप में ऐसे कठिन समय में जिस तरह उन्होंने मानवता की मिशाल पेश की है की हर भारतीय न सिर्फ उनका प्रशंसक है बल्कि एक बहुत बड़ा वर्ग उनका ऋणी है चाहे वो मजदूरों को सलामत रूप से घर पहुंचाना हो, गरीबों को अनाज उपलब्ध करवाना हो नौकरी दिलवाना हो और अब तो ऑक्सीजन और बेड की जरूरतों को पूरा करने का काम हो। वो बंदा हर जगह पीछे नही हटा और हर संभव प्रयास किया मदद पहुंचाने को ठीक उन्हीं की तरह हर शहरो मे लोगो ने तथा कई समाजिक संगठनों ने आगे आकर ना सिर्फ लोगो का हौसला बढ़ाया मदद के लिए प्रेरित किया बल्कि जान की परवाह किए बिना लोगो की मदद को आगे आए यह ये दर्शाता है की लोगो में आज भी इंसानियत जिंदा है।वही दूसरी और ऐसे लोग भी है जिन्होंने मानवता को शर्मशार करने में कोई कसर नही छोड़ी मौके का फायदा उठाया अनाज से लेकर दैनिक जरूरत की चीजे हो या दवा से लेकर ऑक्सिजन लोगो ने कालाबाजारी करने में कोई कसर नही छोड़ी मैं समझ भी नंही पाती किस तरह के लोग है ये इनमे इंसानियत नाम मात्र भी नही जहां एक और मौत तांडव कर रही है इस तरह की मुनाफाखोरी और कालाबाजारी उन्हें सोने कैसे देती है।मौत के आंकड़े डराने वाले है रोज हजारों की मौत की खबर मन विचलित कर देती है और ये किस तरह के लोग है जिन्होंने मौत को भी व्यापार बना दिया। ये माहोल देख कर भी जो नहीं सीख पाया।इसलिए ही कहा गया है प्रकृति से छेड़छाड़ न करो कल जब पानी के पैसे चुका रहे थे सब ठीक था आज सांसे भी खरीदनी पड़ रही है ये कैसा समय आ गया है अब भी लोग नहीं समझे तो आने वाले समय में इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

प्रसाद गुन्डारगी

कक्षा ९

रोचक तथ्य

- इंसानी शरीर से आधे घंटे में इतनी गर्मी निकलती है जिससे दो लीटर पानी उबाल लिया जाए |
- एक व्यक्ति पूरी जिंदगी में इतनी लार बनाता है जिससे दो स्विमिंग पूल भर जाए |
- एक स्वस्थ व्यक्ति को गहरी नींद में सोने में सिर्फ साथ मिनट का समय लगता है |
- एक जोरदार छींक में इतनी ताक़त है की वो आपकी पसलिया तुड़वा सकती है |
- अगर आप आँख खोल के छींकने की कोशिश करे तो संभवतः आपकी आईबॉल टूट सकती है |
- लोग हर शाल शार्को के हमला करने से ज्यादा शिर पर नारियल गिरने से मारे जाते है |
- रात की बजाय हम सुबह एक सेंटीमीटर लम्बे रहते है |
- मानव शरीर में एक चिम्पांजी से ज्यादा बाल पाए जाते है |
- हमारे चेहरे के बाल जल्दी बढ़ते है अन्य अंगो की अपेक्षा |
- लगभग ७५% लोग सर पर पानी डाल कर नहाना शुरू करते है |
- सिर्फ मानव ही ऐसा जीव है जो निगलना और साँस लेना एक साथ नहीं कर सकता |
- अगर हमारी शरीर की सभी नशो को आपस में जोड़ दिया जाए तो वो पूरी पृथ्वी को एक बार लपेट सकती है |
- सिर्फ एक घंटा हेडफ़ोन लगा लेने से हमारे कान में जीवडुओ की संख्या ७०० तक बढ़ जाती है |
- हमारा इम्यून सिस्टम दिन भर में एक ऐसी कोशिका को मरता है जो कैंसर का कारण बन सकती है |
- धरती पर मौजूद सभी इंसानो की अपनी एक अलग खुशबू होती है |
- एक औसतन इंसान दिन में 10 बार हँसता है |
- हमारे शरीर की सबसे ताक़तवर मांसपेशी जीभ है |
- एक व्यक्ति के दिन भर में औसतन ५० से १०० बाल झड़ते है, पर कहाँ जाते है ये किसी को नहीं पता |
- आपका दिल एक दिन में १००००० बार धड़कता है |
- उंगलियों के नाख़ून पैरो की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ते है |
- एक मनुष्य अपने जीवन काल में २७००० किलो भोजन खा जाता है, जो ६ हाथियों के वजन के बराबर है |
- •मानव हृदय में बहुत ताक़त होती है ये बहुत ताक़त से खून को पंप करता है, यदि ये शरीर के बाहर पंप करे तो खून को लगभग ३० मीटर ऊपर फेक सकता है |

राहुल कुमार
कक्षा 7



मकर सक्रांति

आज के दिन से सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में आ जाते हैं। उत्तरायण में सूर्य के रहने के समय को शुभ समय माना जाता है और मांगलिक कार्य आसानी से किए जाते हैं। चूंकि पृथ्वी दो गोलार्धों में बंटी हुई है ऐसे में जब सूर्य का झुकाव दक्षिणी गोलार्ध की ओर होता है तो इस स्थिति को दक्षिणायन कहते हैं और सूर्य जब उत्तरी गोलार्ध की ओर झुका होता है तो सूर्य की इस स्थिति को उत्तरायण कहते हैं। इसके साथ ही 12 राशियां होती हैं जिनमें सूर्य पूरे साल एक-एक माह के लिए रहते हैं। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रांति कहते हैं।संक्रांति ही वो दिन होता है जब सूर्य धनु राशि छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है| मकर संक्रांति के पर्व को देश में माघी, पोंगल, उत्तरायण, खिचड़ी और बड़ी संक्रांति आदि नामों से जाना जाता है। इस दिन तिल और गुड़ से बनाए गए मिष्ठानो का विशेष महत्व होता है , कई प्रदेशो में पतंगबाजी का आयोजन भी किया जाता है| मकर संक्रांति के दिन गुजरात में बड़े रूप में पतंगबाजी का आयोजन होता है और इसी के साथ बसंत ऋतु का भी आगमन होता है । भारत में सांस्कृतिक विविधताओं के लिहाज से भी मकर संक्रांति का अपना महत्व है। देश के ज्यादातर हिस्सों में यह त्योहार मनाया जाता है। हालांकि, नाम और प्रचलित परंपराएं अलग-अलग हैं। जैसे, देश के दक्षिणी राज्यों केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में इसे सिर्फ संक्रांति ही कहा जाता है। तमिलनाडु की बात करें तो वहां ये त्योहार चार दिन चलता है और वहां इसे पोंगल कहा जाता है। पंजाब और हरियाणा में इसे लोहड़ी कहा जाता है। असम में बिहू वही है जो हमारे यहां यानी उत्तर भारत में मकर संक्रांति है। तिल के सेवन से शरीर गर्म रहता है और इसके तेल से शरीर को भरपूर नमी भी मिलती है। दरअसल सर्दियों में शरीर का तापमान गिर जाता है। ऐसे में हमें बाहरी तापमान से अंदरुनी तापमान को बैलेंस करना होता है। तिल और गुड़ गर्म होते हैं, ये खाने से शरीर गर्म रहता है। इसलिए इस त्योहार में ये चीजें खाई और बनाई जाती हैं। तिल में कॉपर, मैग्नीशियम, ट्राइयोफान, आयरन, मैग्नीज, कैल्शियम, फास्फोरस, जिंक, विटामिन बी 1 और रेशे प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। एक चौथाई कप या ३६ ग्राम तिल के बीज से २०६ कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। तिल में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी पाए जाते हैं। शरीर में उपस्थित जीवाणुओं और कीटाणुओं का दमन करता है।इस मौसम में सुबह का सूर्य प्रकाश शरीर के लिए स्वास्थ्यवर्धक होता है तथा ये त्वचा व हड्डियों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसीलिए इस दिन पतंग उड़ाई जाती है जिससे कि सूर्य किरणों का लाभ शरीर को मिले

अंशिका पाण्डे
कक्षा 7



विवेकानन्द -एक परिचय

हर वर्ष स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है इस सन्दर्भ में भारत सरकार का विचार था कि स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनका आदर्श यही भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत हो सकता है।इस दिन देश भर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रम होते हैं; रैलियाँ निकाली जाती हैं; योगासन की स्पर्धा आयोजित की जाती है; पूजा-पाठ होता है; व्याख्यान होते हैं; विवेकानन्द साहित्य की प्रदर्शनी लगती है| विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन देश हित को समर्पित था| उन्होंने न सिर्फ समूचे भारतवर्ष अपितु पूरे विश्व में अपने देश की संस्कृति का लोहा मनवाया । विवेकानंद जी का वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उनका जन्म कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली परिवार में १२ जनवरी १८६३ को हुआ| बचपन से ही उनकी रूचि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की ओर थी | वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से काफी प्रभावित थे, जिनसे उन्होंने सीखा कि सारे जीव स्वयं परमात्मा का ही एक अवतार हैं; इसलिए मानव जाति की सेवा द्वारा परमात्मा की भी सेवा की जा सकती है। रामकृष्ण की मृत्यु के बाद विवेकानंद ने बड़े पैमाने पर भारतीय उपमहाद्वीप का दौरा किया और ब्रिटिश भारत में मौजूदा स्थितियों का पहले ज्ञान हासिल किया। बाद में विश्व धर्म संसद १८९३ में भारत का प्रतिनिधित्व करने संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कूच किया। विवेकानंद ने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप में हिंदू दर्शन के सिद्धांतों का प्रसार किया , सैकड़ों सार्वजनिक और निजी व्याख्यानों का आयोजन किया। भारत में विवेकानंद को एक देशभक्त संत के रूप में माना जाता है और इनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान के दर्शन की चाह ने उनका ध्यान आध्यात्म की और खिंचा और आत्मज्ञान और संस्कृति के बारे में पुरे विश्व को बताने की ललक उन्हें इतने बड़े स्तर तक ले गई जहा उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् १८९३ में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण की शुरुआत “मेरे अमरीकी भाइयो एवं बहनों” के साथ करने के लिये जाना जाता है। उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था।

अकुम्तैन जमीर
कक्षा 8

प्रार्थना

ऐ मेरे मालिक मेरे ईश्वर
मैं रहूँ निर्भय अति निडर
मुझको बुद्धि निर्मल दे
मन जैसे खिला कमल
डिगू नहीं बाधाओं से
डरू नहीं उग्र हवाओं से
तूफानों से न घबराऊँ
विपदाओं से पार पाऊं
रहूँ सदा मैं तेरा भक्त
डरू नहीं बना रहूँ सख्त
तेरे ही गुण गाऊं हरदम
जीवन में अपनाऊं संयम
विनम्र रहूँ करूँ याचना
नित करूँ मैं प्रार्थना

भरत कृष्णा
कक्षा 6

वर्षा की बूंदे आई

पढ़ते पढ़ते आई बूंदों की आवाज
छम छम टप टप का साज
दिल और दिमाग घूमा
वर्षा की बूंदों में घूमा
पढने का तो किया दिखावा
मन भीगने की कल्पनाओं में भागा
काश यह छत न होती
तो हमारी ख़ुशी दुगनी होती

नंदिनी कुमारी
कक्षा 6

क्या लिखूं

समय का हेर फेर
बड़ी जोर से धड़कता है मेरा
हार्ट
जब पेपर होता है स्टार्ट
उस समय देखने वाली होती है
मेरी हालत
नहीं होती आसपास मिलने
वाली राहत
कभी इच्छा होती है कि सबसे
ज्यादा नंबर लाऊं
कभी डर लगता है कि फेल न
हो जाऊं
मन तो होता है कि किसी तरह
रुक जाए घड़ी की सुई
पर वो चलती ही रहती है ,
डराती रहती है मुझे मुई

शुभम कुमार
कक्षा 6

स्कूल की पत्रिका छप रही है
मिला मुझे समाचार
अध्यापक का संदेसा आया
रचनाएँ भेजो दो चार
कविता लिखूं , कहानी लिखूं
या लिखूं मैं कोई लेख
इसी सोच में बैठा मैं
सिर तकिए पर टेक
पूछा भैया विषय बताओ
या बताओ कोई प्रसंग
जिसे पढ़े मजे में सब
और न हो कोई तंग
इन्ही विचारों में खोए खोए
मन अब होने लगा फरार
तब टूटे फूटे शब्दों से
कविता मेरी हुई तैयार।

पूजा श्री
कक्षा 6

बारिश

बारिश आई छम छम छम

बाहर जाने का किया है मन

मित्रों को भी नीचे बुलाया

अपनी बहन को हमने जगाया

कीचड़ में खेल कर कपड़ों का हुआ बुरा हाल

मन किया ऐसे ही बीते पूरा साल

बारिश में देखा मोरों का नाच

भूल गए हम कौन सा था मास

बगीचे और फसलों को देख है मन खिलता

लोगों व किसानों को है सुख मिलता

बारिश आई छम छम छम

क्या आपका भी बाहर जाने का किया है मन

नीतू सिन्हा
कक्षा 6

बचपन

नन्हा प्यारा सा यह बचपन

जीवन का एक टुकड़ा बचपन

नटखट नादानी का बचपन

विद्या में जो डूबा तनमन

खेलकूद में गुजरा बचपन

याद दिलाता है प्रतिक्षण

रंग रंगीली दुनिया में

बीता है सुन्दर सा बचपन

यश कटारिया
कक्षा 6

पहेलियाँ

१ हरी हरी मछली के

हरे हरे अंडे .

जल्दी से नाम बताओ

नहीं तो पड़ेंगे डंडे – मटर

२ अनपढ़ से न करती बात

रखती सीने अपने ज्ञान

पायी जाती सभी जगह

साक्षर करते मेरा गुणगान - पुस्तक

३ लोहा खींचू ऐसी ताकत है

पर रबड़ मुझे हराता है

खोई सुई मैं पा लेता हूँ

मेरा खेल निराला है - चुम्बक

राएना अंसारी
कक्षा 6

माँ

माँ तू कितनी अच्छी है

मेरा सब कुछ करती है

भूख मुझे जब लगती है

खाना मुझे खिलाती है

जब मैं गन्दा होता हूँ

रोज मुझे नहलाती है

जब मैं रोने लगता हूँ

चुप तू मुझे कराती है

माँ मेरे मित्रों में

सबसे पहले तू ही आती है

पुनीत पंचाल
कक्षा 6

प्रेरक सूक्तियाँ

- किसी भी सुखान्त अभिनय में सबसे कठिन भूमिका है मूर्ख की और उस कलाकार को कदापि मूर्ख नहीं होना चाहिए।
- जब एक अभिनेता के पास धन होता है, तब वह पत्र न भेजकर तार ही भेजता है।
- जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए सम्पूर्ण अन्त:करण से प्रयत्न करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमें अवश्य होती है। कोई अभिलाषा यहां अपूर्ण नहीं रहती। -स्वेट मार्डन
- अभिलाषा सब दु:खों का मूल है।
- मनुष्य को चाहिए कि वह अभिमान न करे। एक-से-एक श्रेष्ठ मनुष्य इस संसार में हैं। इसलिए अपने को किसी कार्य में सर्वश्रेष्ठ न कहना चाहिए। विनम्र रहकर जो कुछ है उस पर डींग न हांके।
- आदत रस्सी की तरह है। पर रोज इसमें हम एक बट देते हैं और अन्त में इसे तोड़ नहीं सकते।
- बुरी आदतों से हमारी क्षुद्रता का अभ्यास मिलता है। -डॉ० एडलर
- आदतों को यदि रोका न जायेतो वे शीघ्र ही लत बन जाती हैं। सत अगस्तिन
- लोमड़ी अपनी खाल बदलती है, आदतें नहीं।
- जो कुछ मानवीय है, वह सभी अमर है।
- अमरत्व की भावना ही मनुष्य के जीवन को सौन्दर्य तथा माधुर्य से पूर्ण बनाती है। यह भौतिक स्वर्ग या उस पार का बहिश्त, एक ही भावना हैं। चिरमुख की इच्छा ही उनमें पायी जाती है। -डॉ० रघुवीर
- श्रेष्ठ व्यक्ति कभी नहीं मर सकता। कैली माकस
- हमारी अमरत्व की मधुर आशा किसी धर्म से उद्भृत नहीं होती, अपितु सारे धर्म इसी से उद्भृत होते हैं।
- हमारा जीवन तो हमारे अमरत्व का शैशव मात्र है।

अंकिता कुमारी
कक्षा 8

प्रेरक प्रसंग

एक ट्रैन में पिता पुत्र सफर कर रहे थे। 24 वर्षीय पुत्र खिड़की से देख रहा था। अचानक वो चिल्लाया "देखो पापा, पेड़ पीछे की ओर भाग रहे हैं। पिता कुछ बोला नहीं बस सुनकर मुस्कुरा दिया। बगल में एक युवा दंपति को उस लड़के का व्यवहार बड़ा अजीब लगा और साथ ही उस लड़के के बचकाने व्यवहार पर उन्हें दया भी आई। लड़का फिर पिता से बोला, देखो पापा देखो, बादल हमारे साथ दौड़ रहे हैं। उस युवा दम्पति से यह देखा नहीं गया और वे उसके पिता से बोल पड़े, आप अपने लड़के को किसी अच्छे डॉक्टर को क्यों नहीं दिखाते।

पिता मुस्कुराया और बोला दिखाया था और हम अभी सीधे हॉस्पिटल से ही आ रहे हैं। लड़का जन्म से अंधा था और आज वह यह दुनिया पहली बार देख रहा है। आपको आश्चर्य लगा कि यह 24 साल का लड़का बच्चों जैसी हरकत क्यों कर रहा है। इसकी अभी तक आंख नहीं थी। आज यह आंख के ऑपरेशन के बाद देखने की स्थिति में आया तो इसे यह सबकुछ नया नया लग रहा है। यह सुन युवा दम्पति को शर्म आई और अपनी गलती महसूस करने लगे।

बी विद्या
कक्षा 8

प्रेरक प्रसंग

किसी नगर में एक राजा राज्य करता था। एक शोक जो प्राय राजाओ को होता है, और वो है शिकार खेलने का। एक दिन राजा ने अपने मंत्री से कहा क्यों न शिकार खेलने जंगल में जाया जाए। राजा और मंत्री दोनों शिकार खेलने जंगल में गए। उन्हने एक हिरन दिखाई दिया। राजा ने उस पर प्रहार करने के लिए तीर निकला पर उस पर प्रहार करते समय अपने ही शस्त्र से उसकी अपनी अंगुली कट गई। मंत्री ने यह देख कर कहा 'ईश्वर जो कुछ करता है अच्छा ही करता है।

मंत्री के मुख से यह सुनकर राजा को बहुत बुरा लगा| वह सोचने लगे मेरी तो उंगली कट गई और यह कहता है कि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है। यह मेरा ही खाता है और मेरी ही हानि चाहता है। इस प्रकार विचार करके उसने अपने मंत्री को अपने यहां से निकल जाने को कहा। चलते समय मंत्री ने फिर कहा 'ईश्वर जो करता है अच्छा ही करता है।

कुछ दिन बाद राजा पुनः शिकार खेलने गया| एक हिरण का पीछा करते-करते एक जंगल में जा पहुंचा। हाथी घोड़े नौकर चाकर सब पीछे रह गए। जंगल में एक कबीला पूजन कर रहा था। उन्हें देवी के लिए नर बलि देनी थी। तभी अचानक उनकी दृष्टि राजा पर पड़ी। बलि के लिए उन्होंने राजा को पकड़ लिया। राजा को बलि के लिए खड़ा किया गया तो किसी की निगाह अचानक राजा की कटी हुई ऊँगली पर पडी। राजा का अंग भंग होने के कारण उन लोगों ने राजा को छोड़ दिया।

फिर भटकता हुआ राजा अपने राज्य में वापस पहुंच गया। उसने सोचा "इसी कटी हुई अंगुली ने आज मेरे प्राण बचाए हैं"। उसे मंत्री की बात का अर्थ समझ में आ गया और उस मंत्री को पुनः मंत्री पद पर रख लिया। राजा ने मंत्री से पूछा, मेरी ऊँगली कटी थी अब तो समझ में आ गया कि क्या अच्छा हुआ, क्योंकि कटी अंगुली के कारण मेरे कारण बच सकें। पर जब मैंने तुमको नौकरी से निकाला था तब भी तुमने यही कहा था कि ईश्वर जो करता है अच्छा ही करता है उसका क्या अर्थ है।

मंत्री ने उत्तर में कहा 'महाराज यदि आपने मुझे निकाल न दिया होता तो मैं भी उस दिन शिकार के समय आपके साथ होता और मेरे अंग भंग नहीं होने के कारण मैं पूरी तरह योग्य समझा जाता और उस कबीले के लोग अपनी कुलदेवी को प्रसन्न करने के लिए मेरी बलि अवश्य चढ़ा देते। राजा को समझ आ गया कि जो भी होता है अच्छे के लिए ही होता है।

केनिसा
कक्षा 7



प्रेरक प्रसंग

यह घटना सन् 1492 की है, जब कोलम्बस अपनी महान यात्रा पर निकलने वाला था। चारों तरफ नाविकों में हर्षोल्लास का वातावरण था, परन्तु गांव का ही एक युवक फ्रोज बहुत ही डरा हुआ था और वह नहीं चाहता था कि कोलम्बस और उनके साथी इस खतरनाक और दुस्साहसी यात्रा पर मिशन पर जायें , इसलिए वह नाविकों के मन में समुद्री यात्रा के प्रति डर उत्पन्न कर देना चाहता था।

एक बार फ्रोज की मुलाकात पिजारो नाम के साहसी युवा नाविक से हुई। फ्रोज ने उससे मिलते ही सोचा कि यह एक अच्छा मौका है पिजारो को डराया जाए और उसने इसी नियत से पिजारो से पूछा "तुम्हारे पिता की मृत्यु कहां हुई थी ?"

दुखी स्वर में पिजारो ने कहा-समुद्री तूफान में डूबने के कारण और तुम्हारे दादाजी की ? वे भी समुद्र में डूबने से मरे। और तुम्हारे परदादाजी, वे कैसे मरे हैं? उनकी मौत भी समुद्र में डूबने से हुई थीं।

अफसोस जाहिर करते हुए पिजारो ने जवाब दिया। इस पर हंसकर ताना मारते हुए फ्रोज ने कहा-हद है। जब तुम्हारे सारे पूर्वज समुद्र में डूबकर मरे, तो तुम क्यों मरना चाहते हो ? मुझे तो तुम्हारी बुद्धि पर तरस आता है। कि इतना कुछ होने के बावजूद तुम नहीं सुधरे ?

पिजारो को फ्रोज की गलत मंशा को भांपते देर न लगी। उसने तुरन्त सम्भलते हुए फ्रोज से पूछा- अब तुम बताओ कि तुम्हारे पिताजी कहां मरे ? बहुत आराम से, अपने बिस्तर पर। मुस्कुराते हुए फ्रोज ने कहा। और तुम्हारे दादा जी ? वे भी अपने पलंग पर मरे। और तुम्हारे परदादा जी ? प्रायः उसी तरह अपनी खाट पर। गर्व से भरकर फ्रोज ने उत्तर दिया।

अब तंज कसते हुए पिजारो ने कहा अच्छा, जब तुम्हारे समस्त पूर्वज बिस्तर पर ही मरे, तो फिर तुम अपने बिस्तर पर जाने की मूर्खता क्यों करते हो? क्या तुम्हें डर नहीं लगता ? इतना सुनते ही फ्रोज का खिला हुआ चेहरा उतर गया। पिजारो ने उसे समझाया -मेरे मित्र, इस दुनिया में कायरों के लिए कोई स्थान नहीं है। साहस के साथ प्रतिकूल स्थितियों में जीना जिंदगी कहलाती है। फ्रोज अब तक अपनी गलती समझ चुका था, अतः वह अपना सा मुँह लेकर वापस लौट गया। किसी ने ठीक ही कहा है-लक्ष्मण रेखा के दास तटों तक ही जाकर फिर जाते हैं, वर्जित समुद्र में नाव के लिए स्वाधीन वीर हो जाते हैं।

किशन कुमार
कक्षा 7

संस्कृत विभाग

मम अनुभवाः

अस्माकम् जीवनं परिवर्तनशीलम् अस्ति। समयेन सह परिवर्तनं आवश्यकम् अस्ति। परन्तु कोरोनाकालः अस्माकम् जीवनशैल्यां पूर्णतः परिवर्तनं अकरोत्। कोरोनाकाले वयम् बहु ज्ञानम् यच्छाम। छात्र - छात्राणाम्, वृद्ध - वृद्धानाम्, व्यापारीणां, कर्मचारीणां पूर्णतः कार्यशैली जीवनशैली च परिवर्तिता जाता। छात्राः चलदूरभाषयन्त्रेण ऑनलाइन इति माध्यमेन पठन्ति। तथा सर्वे शिक्षका:अपि इयम् जीवनशैली स्वीकारं अकुर्वन्। अद्य, अधिकाधिकं कार्यम् चलदूरभाषयन्त्रस्य सहयोगेन ऑनलाइन भवति। एकः वर्षम् पूर्वम् एतेषाम् यन्त्राणाम् विषये वयम् न जानीमः स्म। परन्तु अद्य वयम् प्रयोगापि कुर्म:। कोरोनाकालः अस्मान् अनुशासनस्य ज्ञानम् ददाति। सः प्रकृत्याः महत्वम् अपि प्रकटयति।

रिशव कुमार
कक्षा 6

संस्कृतः भाषायाः महत्वं

संस्कृतः भाषा अस्माकं देशस्य प्राचीनतमा भाषा अस्ति। प्राचीनकाले सर्वे एव भारतीया :संस्कृतभाषायाम् एव व्यव्हारं कुर्वन्ति स्म। कालान्तरः विविधा : प्रांतीयाः भाषा प्रचलिता अभवन् ; किन्तु संस्कृतस्य महत्वं अद्यापि अक्षुण्णं वर्तते। सर्वे प्राचीनग्रन्था :चत्वारो वेदाश्च संस्कृतभाषायमेव सन्ति। संस्कृत भाषा भारत राष्ट्रस्य एकतायाः आधारः अस्ति। संस्कृतम् सम्पूर्ण देशे समानरुपेण आद्रियते। संस्कृतभाषायाः यत्स्वरूपम् अद्य प्राप्यते,तथैव सहस्त्रवर्षपूर्वं अपि आसीत्। संस्कृतभाषायाः स्वरूपं पूर्णरूपेण वैज्ञानिकम् अस्ति। अस्य व्याकरणं पूर्णतः तर्कसम्मतम् सुनिश्चितम् च अस्ति। संस्कृतः भाषा देवानाम् भाषा

सुभाषितानि

पुस्तकस्था तु या विद्या,परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्तपन्ने न सा विद्या न तद् धनम्।।
अर्थ - किसी पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन। ये दोनों जब जरूरत होती है तब हमारे किसी भी काम में नहीं आती।

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविन:।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।
अर्थ - बड़ों का अभिवादन करने वाले मनुष्य की और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले मनुष्य की आयु,
विद्या, यश और बल ये हमेशा बढ़ती रहती है।

दुर्जन:परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्प:किमसौ न भयंकर:।।
अर्थ- दुष्ट व्यक्ति यदि विद्या से सुशोभित भी तो अर्थात् वह विद्यावान भी हो तो भी उसका परित्याग कर
देगा। चाहिए जैसे मणि से सुशोभित सर्प क्या भयंकर नहीं होता?

येषां न विद्या न तपो न दान ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्म:।
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।
अर्थ - जिस मनुष्यों में विद्या का निवास है, न मेहनत का भाव, न दान की इच्छा और न ज्ञान का प्रभाव,
न गुणों की अभिव्यक्ति और न धर्म पर चलने का संकल्प, वे मनुष्य नहीं वे मनुष्य रूप में जानवर ही धरती पर विचरते हैं।

अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः।
उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महताम धनम् ॥
अर्थ-निम्न कोटि के लोग सिर्फ धन की इच्छा रखते हैं। मध्यम कोटि का व्यक्ति धन और सम्मान दोनों
की इच्छा रखता है। वहीं एक उच्च कोटि के व्यक्ति के लिए सिर्फ सम्मान ही मायने रखता है। सम्मान सबसे अधिक मूल्यवान है।

न चोरहार्य न राजहार्य न भ्रतृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धति एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।
अर्थ-न चोर चुरा सकता है, न राजा छीन सकता है, न इसका भाइयों के बीच बंट वारा होता है और न ही कोई भार है। इसलिए खर्च करने से बढ़ने वाला विद्या रुपी धन, सभी धनों से श्रेष्ठ है।

सत्य ब्रूयात प्रियं ब्रूयात न ब्रूयात सत्यं प्रियम।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात एव धर्म: सनातन:।।
अर्थ - सत्य बोलो, प्रिय बोलो, अप्रिय लगने वाला सत्य नहीं बोलना चाहिए प्रिय लगने वाला असत्य भी
नहीं बोलना चाहिए।

रितिका कुमारी
कक्षा 7

उपायेन सर्व सिद्ध्यति।

एकस्य वृक्षस्य शाखासु अनेके काकाः वसन्ति स्म। तस्य वृक्षस्य कोटरे एक: सर्प: अपि अवसत्। काकानाम् अनुपस्थितौ सर्प: काकानां शिशून् खादति स्म। काकाः दु:खिताः आसन्। तेषु एकः वृद्ध: काकः उपायम् अचिन्तयत्। वृक्षस्य समीपे जलाशय: आसीत्। तत्र एका राजकुमारी स्नातुं जलाशयम् आगच्छति स्म। शिलायां स्थितं तस्याः आभरणम् आदाय एकः काकः वृक्षस्य उपरि अस्थापयत्। राजसेवकाः काकम् अनुसृत्य वृक्षस्य समीपम् अगच्छन्। तत्र ते तं सर्प च अमारयन्। अतः एवोक्तम् - उपायेन सर्व सिद्ध्यति।

के देवाश्री

कक्षा 7

परिश्रमेण एव कार्याणि सिध्यन्ति न तु मनोरथैः।

एकदा एकः काकः पिपासितः आसीत्। सः जलं पातुम् इतस्ततः अभ्रमत्। परं कुत्रापि जलंन प्राप्नोत्। अन्ते सः एकं घटम् अपश्यत्। घटे स्वल्पम् जलम् आसीत्। अतः सः जल पातुम् असमर्थः अभवत्। सः एकम् उपायम् अचिन्तयत् । सः पाषाणस्य खण्डानि घटे अक्षिपत्। एवं क्रमेण घटस्य जलम् उपरि आगच्छत्। काकः:जलं पीत्वा सन्तुष्ट: अभवत्। | परिश्रमेण एव कार्याणि सिध्यन्ति न तु मनोरथैः ।

मीनाक्षी

सद्व्यवहारः

